हरिभूमि
# सीहोर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, बुधवार 7 जनवरी 2026

04 कड़ाके की ठंड का कहरः गांव-शहर में जनजीवन...



07 जनपद सीईओ पर 5 हजार का जुर्माना अन्य ...





## खबर संक्षेप

### भावांतर योजना में सोयाबीन का मॉडल रेट 4458 रुपए जारी

**सीहोर।** भावांतर योजना 2025 के अंतर्गत सोयाबीन विक्रेता किसानों के लिए मॉडल रेट प्रतिदिन जारी किया जा रहा है। सोमवार 5 जनवरी को 4458 रुपए प्रति क्विंटल का मॉडल रेट जारी किया गया है। यह मॉडल रेट उन किसानों के लिए है जिन्होंने अपनी सोयाबीन की उपज मंडी प्रांगणों में विक्रय की है। इस मॉडल रेट के आधार पर ही भावांतर की राशि की गणना की जाएगी। मॉडल रेट और न्यूनतम समर्थन मूल्य के भावांतर की राशि राज्य सरकार द्वारा दी जा रही है। सोयाबीन का पहला मॉडल रेट 7 नवंबर को 4020 रुपए प्रति क्विंटल जारी किया गया था। इसी तरह 8 नवंबर को 4033 रुपए, 9 और 10 नवंबर को 4036 रुपए, 11 नवंबर को 4056 रुपए, 12 नवंबर को 4077 रुपए, 13 नवंबर को 4130 रुपए, 14 नवंबर को 4184 रुपए, 15 नवंबर को 4225 रुपए, 16 नवंबर को 4234 रुपए, 17 नवंबर को 4236 रुपए, 18 नवंबर को 4255 रुपए, 19 नवंबर को 4263 रुपए, 20 नवंबर को 4267 रुपए, 21 नवंबर को 4271 रुपए, 22 नवंबर को 4285 रुपए, 23 एवं 24 नवंबर को 4282 रुपए, 25 को 4277 रुपए, 26 को 4265 रुपए, 27 नवंबर को 4252 रुपए, 28 नवंबर को 4260 रुपए, 29 नवंबर को 4240 रुपए और 30 नवंबर को 4237 रुपए प्रति क्विंटल का मॉडल रेट जारी किया गया था।

### मेडिसिन अपडेट सम्मेलन 11 को, 150 चिकित्सक होंगे शामिल

**सीहोर।** छठवां सीहोर मेडिसिन अपडेट सम्मेलन 11 जनवरी को होटल क्रिसेंट में होगा। इसमें सीहोर, राजगढ़, देवास, शुजालपुर सहित आसपास के जिलों से करीब 150 चिकित्सा विशेषज्ञ शामिल होंगे। यह सम्मेलन डॉक्टरों के लिए नई चिकित्सा जानकारियों के आदान-प्रदान और अनुभव साझा करने का मंच बनेगा। सम्मेलन के आयोजन अध्यक्ष डॉ. हीरा दलोद्रिया हैं। आयोजन सचिव की जिम्मेदारी डॉ. आरके वर्मा और डॉ. बीके चतुर्वेदी निभा रहे हैं। वैज्ञानिक सचिव डॉ. विवेक सक्सेना हैं। सम्मेलन का वैज्ञानिक कार्यक्रम व्यावहारिक और उपयोगी रखा गया है।कार्डियोलॉजी विषय पर चर्चा के लिए प्रमुख फैकल्टी में डॉ. राजीव गुप्ता, डॉ. विवेक कान्हारे, डॉ. निखिल पेंडसे, डॉ. विकास गोयल, डॉ. शशांक दीक्षित और डॉ. सुमित भटनागर शामिल रहेंगे। यह सम्मेलन वर्ष 2025 की नई चिकित्सा जानकारियों को साझा कर डॉक्टरों की क्लिनिकल प्रैक्टिस को और बेहतर बनाएगा।

### सड़क पर मवेशी छोड़ने पर होगी कार्रवाई

**सीहोर।** सड़क पर पाये जाने वाले गोवंश को स्थानीय निकाय के कर्मचारियों द्वारा किसी सुदूर गोशाला या गोठान में पहुँचा दिया जायेगा। दुधारू गोवंश को छोड़ने पर पशु मालिक पर आर्थिक रूप से कार्रवाई की जाएगी।

### साल भर में हुए 1087 सड़क हादसे, 976 लोग हुए घायल


# सड़कों पर बरपा कहरः एक साल के भीतर 287 लोग असमय समाए काल के गाल में

2024 के मुकाबले कम हुआ हादसों का ग्राफ पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला के निर्देशन में साल भर चली चेकिंग और इंटरसेप्टर वाहनों की तैनाती का सुखद असर दिखाई दिया है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

रफ्तार का जुनून और यातायात नियमों की अनदेखी मासूम जिंदगियों पर भारी पड़ रही है। जिला पुलिस द्वारा जारी वर्ष 2025 के आंकड़े चिंताजनक हैं। बीते एक साल में जिले की सडक़ों पर हुए हादसों में 287 लोग असमय ही काल के गाल में समा गए। हालांकि पुलिस प्रशासन के सख्त पहरे और जागरूकता अभियानों के चलते पिछले वर्ष की तुलना में इस बार मौतों और दुर्घटनाओं के ग्राफ में मामूली गिरावट जरूर दर्ज की गई है।

2024 के मुकाबले कम हुआ हादसों का ग्राफ पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला के निर्देशन में साल भर चली चेकिंग और इंटरसेप्टर वाहनों की तैनाती का सुखद असर दिखाई दिया है। आंकड़ों की तुलना करें तो वर्ष 2024 में सडक़ हादसों में 295 लोगों ने जान गंवाई थी, जो 2025 में घटकर 287 रही। बता दें 2024 में कुल 1172 दुर्घटनाएं हुई थीं, जबकि 2025 में यह संख्या 1087 रही। पिछले साल 1218 लोग घायल हुए थे, जबकि इस साल यह आंकड़ा 976 पर सिमट गया।



#### वसूला 86 लाख जुर्माना

यातायात नियमों को ताक पर रखकर वाहन दौड़ाने वालों के खिलाफ पुलिस ने कड़ी कार्रवाई की है। साल 2025 में कुल 16,169 चालकों के विरुद्ध मोटर व्हीकल एक्ट के तहत केस दर्ज किए गए। इन लापरवाह चालकों से कुल 86 लाख 19 हजार 700 रुपये का जुर्माना वसूला गया। इतना ही नहीं, बार-बार नियम तोड़ने वाले 28 चालकों के लाइसेंस निरस्त करने की सिफारिश भी की गई है।

#### शराब पीकर वाहना चलाना पड़ा महंगा

पुलिस ने तकनीक और कानून दोनों का सहारा लेकर हादसों पर लगाम लगाने की कोशिश की है, जिनमें इंटरसेप्टर वाहन की मदद से तेज रफ्तार वाले 269 चालकों पर 1.47 लाख रुपये का दंड लगाया गया। शराब पीकर वाहन चलाने वाले 53 चालकों को सीधे कोर्ट में पेश किया गया, जहां उन पर 4 लाख 31 हजार 100 रुपये का भारी-भरकम अर्थदंड लगाया गया।

#### पुलिस ने खोजे तीन मुख्य कारण

पुलिस की समीक्षा में हादसों के तीन मुख्य विलेन सामने आए हैं, जिनमें सीमित गति से अधिक तेज वाहन चलाना। शराब पीकर स्टीयरिंग संभालना। प्रतिबंधित क्षेत्रों या गलत दिशा में वाहन ले जाना।

#### पुलिस कप्तान की अपील

पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला ने जनता से भावुक अपील करते हुए कहा कि यातायात नियम दंड के लिए नहीं, बल्कि आपकी सुरक्षा के लिए हैं। एक छोटी सी लापरवाही न केवल चालक, बल्कि सड़क पर चल रहे निर्दोष राहगीरों का परिवार भी उजाड़ देती है। उन्होंने संकल्प जताया कि वर्ष 2026 में जागरूकता और सख्ती का यह अभियान और भी प्रभावी ढंग से जारी रहेगा।

#### ये दो प्रमुख हादसे भी शामिल

साल 2025 में हुए इन हादसों में दो हादसे भी शामिल हैं, जो खासे सुर्खियों में रहे।

पहला हादसा सैकड़ाखेड़ी रोड पर हुआ, जब मॉर्निंग वॉक कर रहे दो युवकों को तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी थी, वहीं दूसरा हादसा मुगीसपुर के पास तेज रफ्तार कार ने बाईक में टक्कर मारना शामिल हैं, जिसमें एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई थी, जबकि दूसरे को कार से लंबी दूरी तक घसीटा गया था।

## सिद्धिविनायक दरबार में आज आयोजित होगा विशाल भंडारा, भगवान को लगाया जाएगा भोग

**सीहोर।** सिद्धिविनायक भगवान श्री गणेश की नगरी में एक बार फिर श्रद्धा, सेवा और समर्पण के दिव्य संगम की साक्षी बनने जा रही है। देश के चार स्वयंभू प्रसिद्ध भगवान गणेश में से एक, श्री सिद्धिविनायक गणेश मंदिर परिसर में 7 जनवरी को ऐसा अनुपम धार्मिक दृश्य सजेगा, जो हर श्रद्धालु के मन को भावविभोर कर देगा। इस शुभ अवसर पर भव्य भंडारे का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें नगर सहित दूर-दराज से आने वाले श्रद्धालुओं को ससम्मान आमंत्रित किया गया है।

बुधवार 7 जनवरी को भगवान गणेश के दिन मंदिर परिसर मानो देवत्व की सुगंध से सराबोर हो उठेगा। चारों ओर पुष्पों की मधुर खुशबू और "गणपति बप्पा मोरया" के गूंजते जयघोष वातावरण को अलौकिक बना देंगे। श्रद्धालुओं के चेहरों पर खिली मुस्कान, आंखों में आस्था की चमक और हृदय में भक्ति का संचार यह सब मिलकर एक ऐसा दिव्य दृश्य रचेंगे, जहाँ हर मनुष्य स्वयं को प्रभु की शरण में सुरक्षित और संतुष्ट अनुभव करेगा।



भगवान गणेश के भक्तों ने बताया कि आयोजित भंडारा केवल प्रसाद वितरण नहीं, बल्कि मानवता की सबसे पवित्र सेवा का पर्व है। भगवान गणेश के दर पर की गई सेवा कभी व्यर्थ नहीं जाती। जो हाथ प्रसाद परोसते हैं, वे स्वयं पुण्य के सागर में स्नान करते हैं और जो प्रसाद ग्रहण करते हैं, उनके जीवन से विघ्न-बाधाएँ स्वतः दूर होने लगती हैं।

भगवान गणेश के भक्तों ने बताया कि दोपहर 12 बजे से प्रभु इच्छा तक चलने वाले इस आयोजन में हर जाति, हर वर्ग और हर उम्र के लोग एक परिवार की तरह एकत्र होंगे। सीहोर की हवाओं में उस दिन केवल भक्ति नहीं, बल्कि प्रेम, करुणा और सेवा की अनुभूति बहेगी। यह आयोजन निश्चित रूप से सीहोर के आध्यात्मिक इतिहास में एक स्वर्णिम अध्याय जोड़ देगा। जहां श्रद्धा मुस्कुराएगी और गणपति स्वयं आशीर्वाद बरसाएंगे।

## लायंस क्लब सीहोर सिद्धपुर ने आदिवासी विद्यार्थियों को वितरित किए गर्म स्वेटर

**सीहोर।** सर्दी के मौसम में सामाजिक सरोकार की मिसाल पेश करते हुए लायंस क्लब सीहोर सिद्धपुर ने प्राथमिक विद्यालय सलीखेड़ा में अध्ययनरत 97 छात्र-छात्राओं (45 बालक एवं 52 बालिकाएं) को गर्म स्वेटर वितरित किए। यह कार्यक्रम आदिवासी एवं आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के बच्चों को ठंड से राहत दिलाने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं लायंस क्लब के अध्यक्ष जयंत दसवानी ने कहा कि, आदिवासी बाहुल्य क्षेत्रों में ठंड का प्रभाव अधिक रहता है। हमारा प्रयास है कि कोई भी बच्चा ठंड के कारण पढ़ाई से वंचित न रहे। यह छोटा-सा योगदान समाज के प्रति हमारी जिम्मेदारी का हिस्सा है। लायंस क्लब इस पूरे सप्ताह करीब 300 से ज़्यादा छात्रों को स्वेटर वितरित करेगा। विद्यालय के शिक्षकों बच्चू सिंह सोलंकी, श्रामचरण सूर्यवंशी, कुसुम सैनी, किरन बैरागी, आशा मंडराई और राघवेंद्र मालवीय ने लायंस क्लब क्लब के इस सेवा कार्य की सराहना की।





इस अवसर पर लायंस क्लब के प्रथम उपाध्यक्ष अजय राय, कपिल जैन, निखिल रणपुरिया और विनीत दुबे उपस्थित थे। विद्यालय प्रबंधन ने लायंस क्लब के इस सामाजिक दायित्वपूर्ण कार्य के लिए आभार व्यक्त किया और कहा कि ऐसे प्रयास बच्चों में शिक्षा के प्रति जागरूकता और आत्मविश्वास दोनों को बढ़ाते हैं।

लायंस क्लब द्वारा भविष्य में भी शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक कल्याण के क्षेत्र में ऐसे जनसेवा कार्य निरंतर जारी रखने का संकल्प व्यक्त किया गया।

## अभिषेक हत्याकांडः न्याय के लिए एसपी कार्यालय पहुंचा राजपूत समाज

**सीहोर।** भोपाल-इंदौर हाईवे पर स्थित शिवशंकर ढाबे के पास हुई अभिषेक सिंह लल्लू की संदिग्ध मौत के मामले में न्याय की मांग को लेकर सर्व क्षत्रिय राजपूत समाज ने पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा। समाज के लोगों ने पुलिस कार्यप्रणाली पर असंतोष जताते हुए मामले की निष्पक्ष जांच और दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है।

मृतक अभिषेक के पिता विजय सिंह तोमर (रिटायर्ड रेंजर) ने बताया कि 2-3 अक्टूबर दशहरा पर्व के दौरान अभिषेक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में मिला था। परिजनों ने शुरू से ही इसे हत्या का मामला बताते हुए शिकायत दर्ज कराई थी, लेकिन तीन महीने बीत जाने के बाद भी प्रकरण में कोई खास प्रगति नहीं हुई है। इसी से नाराज होकर समाज के लोगों ने एकजुट होकर पुलिस प्रशासन से गुहार लगाई।

**दूसरे अधिकारी से कराई जाएगी जांच :** समाजजनों के अनुसार ज्ञापन लेने के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने परिवार की बात सुनी। मृतक के प्रति संवेदना व्यक्त की और परिजनों को आश्वासन दिया कि मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाएगी। उन्होंने इस केस की जांच किसी अन्य अधिकारी को सौंपने का भरोसा भी दिलाया ताकि सच सामने आ सके। ज्ञापन सौंपते समय मृतक के पिता विजय सिंह तोमर, भाई विवेक व अनुज के साथ ही संभागीय अध्यक्ष डॉ. महेंद्र सिंह राठौड़, जिला अध्यक्ष गणेश सिंह चौहान, धीरेन्द्र सिंह राजावत, जितेंद्र सिंह राठौड़, किशोर सिंह, ईश्वर सिंह चौहान अध्यक्ष करणी सेना और राजेंद्र सिंह सिसोदिया सहित समाज के अनेक वरिष्ठ पदाधिकारी और युवा बड़ी संख्या में उपस्थित थे।



### इछावर में दिखा तेंदुआ, ग्रामीणों में दहशतः पांच गांवों में पहले देखा जा चुका, वन विभाग पर निष्क्रिय का आरोप

**सीहोर।** जिले के इछावर क्षेत्र के नीलबड़ गांव में सोमवार देर रात एक तेंदुआ देखा गया। ग्रामीणों ने खेत पर तेंदुए को घूमते हुए देखा, जिससे उनमें डर का माहौल है। उन्होंने तत्काल वन विभाग को इसकी सूचना दी।



जानकारी के अनुसार, ग्रामीणों ने तेंदुए का अपने मोबाइल फोन से वीडियो भी बनाया। इन दिनों किसान खेती-किसानी के काम से लगातार खेतों पर जा रहे हैं, ऐसे में तेंदुए का दिखना उनकी चिंता का कारण बन गया है। उल्लेखनीय है कि इससे पहले भी जिले के अहमदपुर वन क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले कई गांवों में तेंदुए का मूवमेंट देखा जा चुका है। अब तक पनदा, कोलूखेड़ी, जेतला और भैरूपुरा सहित पांच गांवों में तेंदुआ नजर आ चुका है। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में तेंदुए की लगातार मौजूदगी के बावजूद वन विभाग कोई ठोस कदम नहीं उठा रहा है। ग्रामीणों में चिंता है कि विभाग किसी बड़ी घटना का इंतजार कर रहा है।

### शहीद समाधि स्थल पर 14 जनवरी को होगा भव्य आयोजन, दिल्ली की इवेंट कंपनी देगी प्रस्तुति


# आसमान पर पहली बार दिखेगा लेजर शो का रोमांच रंग-बिरंगी किरणों से जीवंत होगी 1857 की क्रांति

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिला मुख्यालय के इतिहास में पहली बार मकर संक्रांति के अवसर पर एक आधुनिक और भव्य तकनीकी प्रस्तुति होने जा रही है। 14 जनवरी, बुधवार को सीहोर क्रांति अमरवीर वंदन कार्यक्रम के अंतर्गत सैकड़ाखेड़ी मार्ग स्थित शहीद समाधि स्थल पर लेजर शो का आयोजन किया जाएगा। इस शो के माध्यम से सीहोर क्रांति की गौरवगाथा सहित अनेक प्रस्तुतियॉं आसमान में नजर आयेगी।

**40 फीट ऊपर आसमान में चलेगी लघु फिल्म :** दिल्ली से आ रही सुविख्यात इवेंट कंपनी द्वारा इस कार्यक्रम की तैयारी की जा रही है। शो के दौरान लेजर किरणों के माध्यम से आसमान में करीब 40 फीट की ऊंचाई पर सीहोर क्रांति पर आधारित एक लघु फिल्म दिखाई जाएगी। आधुनिक लाइट और दमदार साउंड के साथ 1857 के शहीदों के बलिदान को आसमान पर उकेरा जाएगा, जो शहरवासियों के लिए एक अविस्मरणीय अनुभव होगा।





#### देशभक्ति गीतों की भी होगी प्रस्तुति

लेजर शो के साथ-साथ प्रसिद्ध ऑर्केस्ट्रा कलाकारों द्वारा देशभक्ति गीतों की शानदार प्रस्तुति दी जाएगी। आयोजन समिति ने बताया कि शाम 6 बजे से शुरू होने वाले इस कार्यक्रम में संगीत और तकनीक के माध्यम से शहीदों को वंदन किया जाएगा।

आयोजन समिति ने सीहोर के सभी नागरिकों से इस अनूठे कार्यक्रम को देखने के लिए अपने परिवार और विशेषकर बच्चों के साथ शहीद समाधि स्थल पहुँचने का निवेदन किया है।

### ट्रोपॉलिटन सिटी प्रोजेक्ट में पूरा सहयोग करेंगे और जनता के हितों को भी सर्वोपरि रखेंगेः विधायक राय



**सीहोर।** वल्लभ भवन में मंगलवार को विकास कार्यो को लेकर विधायक सुदेश राय ने मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव से विस्तार पूर्वक चर्चा की। चर्चा के दौरान विधायक सुदेश राय ने कहा कि महत्वकांक्षी मेट्रोपॉलिटन सिटी प्रोजेक्ट में पूरा सहयोग करेंगे और जनता के हितों को भी सर्वोपरि रखते हुए विकास कार्यो पर फोकस करेंगे। विधायक सुदेश राय ने विधानसभा क्षेत्र के विकास कार्यों से जुड़े अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की। विधायक सुदेश राय ने विधानसभा क्षेत्र के सीहोर शहर, श्यामपुर, दोराहा, अहमदपुर, चरनाल सहित ग्राम पंचायतों में जनहित के लिए बुनियादी सुविधाओं के विस्तार, अधूरे विकास कार्यो को पूर्ण करने एवं नई योजनाओं को गति देने को लेकर मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव से मार्गदर्शन प्राप्त किया।

**खबर संक्षेप**



## शहर की दो बेटियों का स्टेट फुटबॉल प्रतियोगिता के लिए हुआ चयन

**सीहोर।** आगामी छह जनवरी तक रीवा के खेल मैदान में होने वाली स्टेट फुटबाल प्रतियोगिता में शहर के दो बेटियों का चयन किया गया है। दोनो बेटियां भोपाल बरकतुल्लाह विश्वविद्यालय की टीम से खेलेंगी। दोनों खिलाड़ियों जिला फुटबाल एसोसिएशन के खिलाड़ियों और पदाधिकारियों ने रवाना किया। आगामी छह जनवरी तक रीवा में तीन दिन की स्टेट फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। कॉलेज की फुटबॉल खिलाड़ी मुस्कान मांझी और दिशा गौर स्टेट प्रतियोगिता के लिए चुनी गई हैं। भोपाल बरकतुल्लाह टीम से प्रतिनिधित्व करने रवाना हुई है। यूनिवर्सिटी रवाना हुई है। जिला फुटबाल एसोसिएशन के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि में मुस्कान और दिशा गौर स्टेट फुटबॉल प्रतियोगिता खेलेंगी। इस अवसर पर प्रदेश के अनेक यूनिवर्सिटी की टीम प्रतियोगिता में शामिल रहेंगी। मुस्कान और दिशा स्टेट फुटबॉल प्रतियोगिता के अलावा दो बार नेशनल फुटबाल प्रतियोगिता में शहर का नाम रोशन कर चुकी है। उन्हें आगे के मैचों में सफलता के लिए एसोसिएशन के सचिव मनोज कन्नोजिया सहित साथी खिलाड़ियों ने शुभकामनाएं दी हैं।

## सीहोर जिले के इतिहास में पहले क्रिकेट कोच बने अक्षय दुबान



**सीहोर।** जिले के इतिहास में पहले क्रिकेट कोच बने अक्षय दुबाने जो कि मध्य प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के हीरालाल गायकवाड़ टूर्नामेंट में भोपाल डिवीजन को अपनी कोचिंग देंगे। वर्तमान में अक्षय दुबाने शहर के आवासीय क्रिकेट मैदान में खिलाड़ियों को प्रशिक्षण देते हैं। अक्षय दुबाने की कोचिंग में पिछले दिनों सीहोर जिला क्रिकेट एसोसिएशन की अंडर 18 टीम ने संभाग स्तरीय टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए पूरे टूर्नामेंट में अपराजित रहते हुए विजेता बनी थी, इसी प्रदर्शन के चलते उन्हें भोपाल संभाग की अंडर 18 टीम का सहायक कोच नियुक्त किया गया है।

## कृषि आधारित उद्योग लगाने पर मिलेगी 50 प्रतिशत सब्सिडी

**सीहोर।** किसानों को कृषि आधारित उद्योग लगाने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। कृषि उद्योग समागम मेला भी लगाए जा रहे हैं। कृषि आधारित उद्योग लगाने वाले किसानों को 50 प्रतिशत तक की सब्सिडी दी जाएगी। कृषि उद्योग से जुड़े रोजगार परक कारखाने बनायेंगे, जहां काम करने वाले को 5 हजार रुपए महीने भी दिए जाएंगे।

### सुबह और शाम के समय मुख्य सड़कों से लेकर बाजारों में पसरा सन्नाटा, बस स्टैंड सूने, शीतलहर से आमजन बेहाल

# कड़ाके की ठंड का कहरः गांव-शहर में जनजीवन ठप, अलाव-हीटर बने सहारा

ठंड के बढ़ते असर से बाजारों की रौनक गायब हो गई है। सुबह और शाम के समय मुख्य बाजारों में सन्नाटा पसरा रहता है। नगर के व्यापारी और दुकानदार अपने प्रतिष्ठानों के सामने अलाव जलाकर हाथ तापते नजर आ रहे हैं।



हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा

पिछले तीन-चार दिनों से पड़ रही कड़ाके की ठंड और शीतलहर ने भैरूंदा सहित आसपास के गांवों और कस्बों में जनजीवन को पूरी तरह से प्रभावित कर दिया है। सुबह आठ से नौ बजे तक घना कोहरा छाया रहने से दृश्यता बेहद कम हो जा रही है। कोहरा छंटने के बाद भी सर्द हवाओं के कारण धूप बेअसर साबित हो रही है। गलन इतनी तेज है कि लोग स्वेटर, जैकेट, मफलर और शॉल पहनकर ही घरों से निकल रहे हैं। अधिकांश परिवारों को दिनभर अलाव और रूम हीटर का सहारा लेना पड़ रहा है।

ठंड के बढ़ते असर से बाजारों की रौनक गायब हो गई है। सुबह और शाम के समय मुख्य बाजारों में सन्नाटा पसरा रहता है। नगर के व्यापारी और दुकानदार अपने प्रतिष्ठानों के सामने अलाव जलाकर हाथ तापते नजर आ रहे हैं। आवश्यक कार्य होने पर ही लोग घरों से बाहर निकल रहे हैं। दिनभर कभी हल्की धूप तो कभी बदरी छाई रहने से ठिठुरन और बढ़ जाती है। मौसम विभाग के अनुसार पिछले चार दिनों से न्यूनतम तापमान में लगातार गिरावट दर्ज की जा रही है, जिसका सीधा असर आमजन की दिनचर्या पर पड़ रहा है। शीतलहर के कारण तहसील सहित अधिकांश सरकारी कार्यालयों में भी सन्नाटा पसरा रहा। कर्मचारी धूप और आग की तलाश में इधर-उधर खड़े दिखाई दिए। कार्यालयों में उपस्थिति सामान्य दिनों की तुलना में कम रही। बाजारों में रोजमर्रा की जरूरतों से जुड़ी दुकानों को छोड़ अन्य प्रतिष्ठानों पर ग्राहकों की कमी साफ नजर आई। व्यापारियों का कहना है कि ठंड बढ़ने के साथ ही सर्दी-जुकाम, खांसी और बुखार से पीड़ित मरीजों की संख्या में इजाफा हुआ है, जिससे दवाइयों की मांग बढ़ी है।

**खेती-किसानी और मजदूरों पर मार :** कड़ाके की ठंड का सबसे ज्यादा असर खेती-किसानी पर पड़ रहा है। चना, सरसों सहित कई फसलें फूल अवस्था में हैं, जिन पर कोहरे का प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की आशंका जताई जा रही है। किसान फसलों को लेकर चिंतित हैं। वहीं, खुले में काम करने वाले मजदूरों के लिए सुबह-सुबह खेतों और निर्माण स्थलों पर निकलना मुश्किल हो गया है। ठिठुरन के कारण काम के घंटे घट रहे हैं, जिससे मजदूरों की आमदनी पर सीधा असर पड़ रहा है।



**पशु-पक्षियों पर भी भारी ठंड :** शीतलहर पशु-पक्षियों के लिए भी परेशानी का कारण बनी हुई है। छुट्टा पशु बाजारों और पेड़ों के नीचे रात गुजारने को मजबूर हैं। पक्षी भी घोंसलों से बाहर निकलने से कतरा रहे हैं। पशुपालकों ने पशुओं को ठंड से बचाने के लिए अतिरिक्त इंतजाम शुरू कर दिए हैं, जिनमें तिरपाल, पुआल और अलाव शामिल हैं।

### स्कूली बच्चों की बढ़ी चिंता

शीतलहर के चलते स्कूली बच्चों को भी ठिठुरन झेलनी पड़ रही है। जिला प्रशासन द्वारा स्कूलों और आंगनवाड़ियों का समय 9:30 बजे किए जाने के बावजूद बच्चों को सुबह जल्दी उठकर ठंड में तैयार होना पड़ रहा है। अभिभावकों ने बच्चों के स्वास्थ्य को लेकर चिंता जताते हुए ठंड से राहत के इंतजाम की मांग की है।

### बस स्टैंड सूने, यात्रियों की परेशानी

ठंड का असर परिवहन व्यवस्था पर भी साफ दिखाई दे रहा है। बस स्टैंड पर यात्रियों की संख्या बेहद कम है। बसों में सफर करने वालों को ठंड और लंबे इंतजार का सामना करना पड़ रहा है। रात आठ बजे के बाद ही सड़कों पर सन्नाटा पसर जाता है।

## दूसरों के सुख से दुष्ट व्यक्ति दुखी होता है और प्रभु भक्त दूसरों के संकटों को भी कर देता है दूर : पं. रविशंकर तिवारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

दुष्ट व्यक्ति दूसरों के सुख से बड़ा दुखी होता है किंतू प्रभू भक्त अपने दुख संकटों के साथ दूसरों के भी दुख दूर कर देता है। दुष्ट अश्वत्थामा पांडवो के सुख से दुखी रहता है। दुर्योधन के कहने पर पांच पांडवों के स्थान पर अश्वत्थामा उनके पुत्रों की हत्या कर देता है। प्रभू इतने दयालू है की भक्त अर्जुन के रथ के सारथी भी बनना स्वीकार कर लेते है और दुर्योधन की मांग पर प्रभू अपनी सेना दे देते है। प्रभू के समक्ष जो झुकते है प्रार्थना करते है प्रभू उन भक्तों के लिए नंगे पेर दौड़े चले आते है उक्त सद विचार मंगलवार को भगवती शिवशक्ति मंदिर महिला मंडल द्वारा गल्ला मण्डी पुलिस लाइन स्थित मंदिर परिसर में आयोजित भव्य संगीतमय श्रीमदभागवत कथा के दौरान भागवताचार्य पंडित रविशंकर तिवारी ने श्रद्धालुओं के समक्ष व्यक्त किए।



महादेव बाबा की कृपा से प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी श्रीमद् भागवत कथा गंगा ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ किया गया है। पंडित रविशंकर तिवारी ने परिक्षित जन्म, एकादशी आगमन प्रंसग प्रस्तुत किया उन्होने महा भारत का उधारण देते है कहा कि भगवान को भी चुटकी लेने में आनंद आता है प्रभू लीला करते हैं एक व्यक्ति रोज मंदिर आता है प्रभू जानेते है की यह दुष्ट है, एक दिन भगवान उससे प्रसन्न होकर वरदान मांगने के लिए कहते है लेकिन शर्त यह है कि तू जो मांगेगा उससे डबल तेरे पड़ोसी को मिलेगा वह मान जाता है। भगवान एक सुंदर सा घर बन जाए तो भगवान ने इसका एक घर बना दिया लेकिन पड़ोसी के दो मकान बना दिए एसने पांच एक ड़ जमीन मांगी तो पड़ोसी को दस एकड़ मिल गई अंत में दुष्ट व्यक्ति ने पड़ोसी की संपत्ति से परेशान होकर भगवान से कहा की मेरी एक आंख फोड दो पड़ोसी की दोनों आंख फूट गई। पंडित तिवारी ने कहा कि आजकल लोग एक दूसरे को दुर्योधन की भांति नीचा दिखाने में लगे है और पाप कर्म को धृतराष्ट्र की भांति देख रहे है।

## ग्रामीणों ने प्रशासन से की बाबा रामदेव मंदिर से अतिक्रमण हटवाने की मांग



**सीहोर।** अनुसुचित जाति मोहल्ले में बने बाबा रामदेव मंदिर परिसर पर अतिक्रमण किए जाने का मामला सामने आया है। ग्रामीणों ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट में होने वाली जनसुनवाई में पहुंचकर प्रशासन से अतिक्रमण हटवाने की मांग की है।

बहुजन समाज पार्टी जिला प्रभारी अनौखीलाल मालवीय के नेतृत्व में दिए गए ज्ञापन में ग्राम उरली तहसील जावर के ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम पंचायत द्वारा मंदिर निर्माण के लिए जमीन दी है। अनुसुचित जाति मोहल्ले में बाबा रामदेव का मंदिर है। मंदिर की जगह पर गांव के दबंग ने अवैधानिक रूप से कब्जा कर लिया है।

मंदिर समिति के द्वारा अतिक्रमण का विरोध करने पर मारपीट करने और जान से मारने जैसे धमकी दी जा रही है। ग्रामीणों की शिकायत पर बीते दिनों जावर नायब तहसीलदार और पटवारी ने कार्रवाही कर अतिक्रमणकर्ता को बेदखल कर कब्जा समिति को सौपा दिया था। इस के बाद फिर से अतिक्रमणकर्ता ने मंदिर परिसर में तार फेंसिंग करा दी है। जिस से अब मंदिर के पश्चिम में परिक्रमा के लिए भी जगह नहीं बची है। मांग करने वालों में मेहरवान सिंह, मान सिंह, पूरन सिंह, सुरेंद्र सिंह, धमेंद्र सिंह, लाड़ सिंह, अर्जुन सिंह, हरनाथ सिंह, रंजीत सिंह, जगन्नाथ सिंह, जीवन सिंह, सिददूलाल, राजेंद्र सिंह आदि ग्रामीण शामिल रहे।

## कॉलेज चलो अभियान में विद्यार्थियों को बताए उच्च शिक्षा के फायदे और करियर बनाने के अवसर

**सीहोर।** शासन के उच्च शिक्षा विभाग द्वारा चलाए जा रहे कॉलेज चलो अभियान के तहत श्री राजाभोज कॉलेज द्वारा छात्र जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अभियान के अंतर्गत कॉलेज की टीम ने क्षेत्र के विभिन्न शासकीय और अशासकीय विद्यालयों का भ्रमण किया, जहां कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों को कॉलेज की पढ़ाई और उज्जवल भविष्य के लिए प्रेरित किया गया।कार्यक्रम के दौरान कॉलेज स्टाफ ने छात्र-छात्राओं को उच्च शिक्षा के महत्व के बारे में विस्तार से समझाया। विद्यार्थियों को बताया गया कि 12वीं के बाद सही कॉलेज और सही विषय का चयन उनके करियर के लिए कितना महत्वपूर्ण है। टीम ने शासन द्वारा चलाई जा रही विभिन्न छात्रवृत्ति योजनाओं, प्रोत्साहन राशि और अन्य सुविधाओं की जानकारी दी, ताकि आर्थिक बाधाओं के कारण कोई भी होनहार छात्र शिक्षा से वंचित न रहे। विशेषज्ञों ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति के बारे में जानकारी देते हुए पाठ्यक्रम के चयन, कॉलेज की ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया, नई परीक्षा प्रणाली और मूल्यांकन के तरीकों के बारे में विद्यार्थियों की शंकाओं का समाधान किया। इसके साथ ही करियर मार्गदर्शन सत्र के माध्यम से यह भी बताया गया कि किस संकाय में आगे चलकर नौकरी और स्वरोजगार की बेहतर संभावनाएं हैं। इस जागरूकता अभियान को सफल बनाने में महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. बीएल जोशी और संचालिका रानी उपाध्याय का मार्गदर्शन रहा। कार्यक्रमों के दौरान राजेश परमार, हेमंत परमार, कीर्तिपाल परमार, शिवानी विश्वकर्मा, शिल्पा श्रीवास्तव, विकास परमार एवं महाविद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।




## नगर परिषद चला रही स्वच्छता महा अभियान

**बुधनी।** नगर परिषद द्वारा स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत प्रत्येक मंगलवार को स्वच्छता महा अभियान लगातार चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में मंगलवार को नगर परिषद अध्यक्ष सुनीता अर्जुन मालवीय एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी संतोष रघुवंशी के निर्देशानुसार वार्ड क्रमांक 11 बेरखेड़ी में विशेष सफाई अभियान आयोजित किया गया। अभियान के दौरान वार्ड क्षेत्र की गलियों, सड़कों एवं सार्वजनिक स्थलों की व्यापक सफाई की गई साथ ही नर्मदा घाट की विशेष रूप से साफ-सफाई कर कचरे का निस्तारण किया गयाअभियान में नगर परिषद के अधिकारी-कर्मचारियों के साथ सहयोगी संस्था फीड बेक फाउंडेशन चेरिटेबल ट्रस्ट के कर्मचारियों ने भी सक्रिय सहभागिता निभाई इस मौके पर नगर परिषद द्वारा नागरिकों से अपील की गई कि वे स्वच्छता महा अभियान में सहयोग करें तथा अपने घरों एवं आसपास के क्षेत्रों को स्वच्छ रखें, जिससे नगर को स्वच्छ, सुंदर एवं स्वस्थ बनाया जा सके।




### 15 जनवरी 2026 तक अभियान के तहत किया जाएगा पौधों का रोपण

# एक पेड़ भविष्य के नाम अभियान के तहत छात्र छात्राओं ने किया पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

एनएसयूआई प्रदेश सचिव हरिओम सिसोदिया के नेतृत्व में भोपाल नाका स्थित चंद्रशेखर आजाद शासकीय स्नातकोत्तर अग्रणी महाविद्यालय सीहोर में एक पेड़ भविष्य के नाम अभियान के अंतर्गत पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम एनएसयूआई प्रदेश संगठन के आह्वान पर आयोजित किया गया।

जिसका मुख्य उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति जन जागरूकता फैलाना तथा युवाओं की सक्रिय और सकारात्मक भागीदारी सुनिश्चित करना है। इस अवसर पर एनएसयूआई प्रदेश सचिव हरिओम सिसोदिया ने अपने संबोधन में कहां कि आज अंधाधुन वृक्ष कटाई कॉर्पोरेट हितों को प्राथमिकता और लगातार हो रहे पर्यावरण विनाश के कारण आने वाली पीढियों का भविष्य गंभीर संकट में है, ऐसी हालत में नई जनरेशन को आगे आकर पर्यावरण संरक्षण के लिए हस्तक्षेप करना समय की सबसे बड़ी आवश्यकता बन गया है। उन्होंने आगे बताया कि प्रदेश संगठन के निर्देश अनुसार दिनांक 1 जनवरी 2026 से 15 जनवरी 2026 तक प्रदेश के प्रत्येक विद्यालय, महाविद्यालय एवं विश्वविद्यालय स्तर पर सार्वजनिक शैक्षणिक परिसरों में एक पेड़ भविष्य के नाम अभियान के तहत व्यापक स्तर पर पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम के दौरान युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष देवेंद्र ठाकुर, छात्र नेता यश यादव, छात्र नेता तनिस त्यागी, युवा कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष रूपेश मालवीय, दिव्यांश मालवीय, दीपक बिरगोदिया, विष्णु, कपिल, विवेक, रजत, तनीषा, रिंकी, जिनाया, रीता आदि शामिल थे।



## 19 को होगा हिंदू सम्मेलन आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेहटी

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में जिले भर में सामाजिक सांस्कृतिक एवं संघटनात्मक गतिविधियों की गतिविधियों की सशक्त श्रृंखला संचालित की जा रही है। पूरे देश भर में हिंदू सम्मेलन के आयोजन किया जा रहे हैं। इसी क्रम में रेहटी खंड के चकल्दी मंडल में भी 19 तारीख को भव्य हिंदू सम्मेलन होने जा रहा है। जिसका दिनांक 5 जनवरी को विधि विधान से मंत्र उच्चारण के साथ भूमि पूजन किया गया और हिंदू सम्मेलन को आयोजित करने वाली आयोजन समिति का भी गठन कर इसकी घोषणा की गई साथ ही संरक्षक मंडल भी बनाया गया है।



आयोजन समिति और संरक्षक मंडल में अध्यक्ष लखन सोनी, उपाध्यक्ष कैलाश पवार ,उपाध्यक्ष कृष्णा बाई, कोषाध्यक्ष मंगल सिंह राजपूत , सदस्य उत्तम सिंह उइके, हरि सिंह बरेला, मुकेश यादव, पिंटू बारेला, रेखा वंशकार, गोविंद सिंह राजपूत, कमलेश ईरपाचे, जितेंद्र पंवार, रघुवीर सिंह राजपूत, अशोक साहू हिंदू सम्मेलन संरक्षण मंडल सुरेश महेश्वरी, राजेश विश्वकर्मा, मदन साहू, हरि सिंह पवार, मनोहर पवार, नर्मदा मालवीय, इंद्र कुमार प्रजापति शामिल है।

## टीएल बैठक में विभिन्न मामलों, योजनाओं की समीक्षा में कलेक्टर के तल्ख निर्देश

# जनपद सीईओ पर 5 हजार का जुर्माना अन्य लापरवाहों पर भी की कार्रवाई



**जिलाधीश बोले-जवाबदेही से कोई समझौता नहीं होगा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

कलेक्टोरेट सभागार में हर सोमवार आयोजित होने वाली टीएल बैठक में सीएम हेल्पलाइन, ई-ऑफिस सहित अन्य मामलों में खराब प्रदर्शन एवं विभिन्न लापरवाहियों पर कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा खासे तल्ख रुख में नजर आए। ई-ऑफिस प्रणाली के तहत लॉगिन न करने पर उन्होंने सिविल सर्जन दफ्तर के लेखापाल मनोज जाटव को सस्पेंड करने के निर्देश प्रदान किए। इसके साथ ही लोक सेवा गारंटी में 08 आवेदन समय सीमा बाहय होने पर खिलचीपुर जनपद सीईओ गोविंद सिंह सौलंकी पर 5 हजार रुपऐ का जुर्माना अधिरोपित करने के निर्देश दिए। ई-ऑफिस समीक्षा में रेशम विभाग के सहायक संचालक द्वारा फाईल डिस्पोजल में खराब प्रदर्शन पर उनका वेतन रोकने के निर्देश प्रदान किए। वहीं जल संसाधन विभाग सुठालिया के कार्यपालन यंत्री को खराब फाईल डिस्पोजल पर कारण बताओ नोटिस जारी करने के आदेश डॉ. मिश्रा ने प्रदान किए।

मुख्यमंत्री हेल्पलाइन की समीक्षा में शिकायतों का संतुष्टीपरक निराकरण न करने पर ब्यावरा मंडी सचिव अशोक राठी के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई का प्रस्ताव आयुक्त को भेजने के निर्देश दिए गए। वहीं आगामी 15 जनवरी तक नरसिंहगढ़ व ब्यावरा को ए-ग्रेड में लाने के निर्देश भी दिए गए। डीआरसीएस द्वारा ई-ऑफिस लॉगिन नहीं करने पर आयुक्त को कार्यवाही हेतु लिखने के निर्देश जिलाधीश ने प्रदान किए।

### सार्थक एप पर अटेंडेंस न लगाने वालों का रोकें वेतन

उक्त कार्यवाहियों के साथ ही कलेक्टर ने सार्थक ऐप पर जॉब अटेंडेंस नहीं लगाने वालों का वेतन रोकने के निर्देश दिए। वहीं, कृषि विभाग के डिप्टी डायरेक्टर को को अपने अधीनस्थ फील्ड अधिकारियों की तत्काल अटेंडेंस सुनिश्चित कराने निर्देशित किया। बैठक में सड़क दुर्घटना प्रकरणों की भी समीक्षा की गई तथा अनुकंपा नियुक्ति के लंबित मामलों का शीघ्र निपटारा करने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने कहा कि प्रशासन का उद्देश्य सभी व्यवस्थाओं में सुधार, समयबद्ध निराकरण और जवाबदेही सुनिश्चित करना है।

### रोजगार मेले की व्यवस्थाओं की भी व्यापक समीक्षा

बैठक में सारंगपुर अनुभाग में आगामी 12 जनवरी को आयोजित होने वाले रोजगार मेले की व्यवस्थाओं की समीक्षा भी गई। एसडीएम व सीएमओ को विशेष निगरानी तथा जनपद सीईओ को सभी व्यवस्थाएं तय समय में पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए। प्रचार-प्रसार हेतु मालवी भाषा में गीत, ढोंढी पिटवाकर प्रचार, ऑन-स्पॉट रजिस्ट्रेशन, इन्फ्लुएंसर वीडियो, क्राउड मैनेजमेंट, जन अभियान परिषद के वॉलंटियर्स, दिव्यांगजनों हेतु 10 लोगों की व्यवस्था तथा लंच वितरण को चरणबद्ध करने के निर्देश दिए गए। डीआईसी को उद्योगपतियों के साथ बैठक कर कंपनियों व रिक्तियों की जानकारी उपलब्ध कराने तथा सभी नगरीय निकायों में कार्यशालाएं आयोजित कर आईटीआई द्वारा तैयार इंटरव्यू गाइडेंस बुकलेट वितरण के निर्देश दिए गए।

## सीसी सड़क चौड़ीकरण के लिए प्रशासन का सख्त एक्शन

# कार्रवाईः पड़ाना बाजार में गरजी जेसीबी हटाया गया वर्षों पुराना अतिक्रमण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर



समीप पड़ाना नगर के बीचो-बीच स्थित सदर बाजार में सोमवार को लोक निर्माण विभाग द्वारा सीसी सड़क चौड़ीकरण कार्य में बाधा बन रहे अतिक्रमण को हटाने के लिए प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया। एसडीएम रोहित बम्होरे के निर्देश पर संयुक्त टीम ने अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाकर जेसीबी की मदद से सड़क किनारे बने पक्के चबूतरे, ओटले एवं टीन शेड हटवाए। केंद्रीय सड़क निधि से स्वीकृत मऊ-पड़ाना-तलेन मार्ग के निर्माण कार्य में वर्षों से जमा अतिक्रमण बड़ी बाधा बन रहा था। सड़क संकरी होने से राहगीरों और वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। जांच में सामने आया कि सड़क के दोनों ओर बने अवैध निर्माण कार्य में लगातार देरी का कारण बन रहे थे। इसके बाद राजस्व विभाग व पीडब्ल्यूडी की संयुक्त टीम ने अतिक्रमण चिन्हित कर नोटिस जारी किए थे। सोमवार सुबह एसडीएम रोहित बम्होरे, तहसीलदार आकाश शर्मा, पीडब्ल्यूडी एसडीओ पी.के. शर्मा, ग्राम पंचायत व राजस्व विभाग की टीम मौके पर पहुंची। दो जेसीबी मशीनों से राजेश भंडारी की दुकान से लेकर सत्तार खान मंसूरी के मकान तक सड़क किनारे फैले अतिक्रमण हटाए गए। अभियान के दौरान कुछ लोगों ने विरोध करने का प्रयास किया, लेकिन पुलिस बल के साथ मौके पर मौजूद रहा।अतिक्रमण हटने के बाद सड़क का स्वरूप पूरी तरह बदल गया। जो सड़क पहले संकरी नजर आती थी, वह अब चैड़ी और सुगम दिखाई देने लगी, जिससे वाहन चालकों और आमजन को बड़ी राहत मिली। इस दौरान हल्का पटवारी शहजाद खान,आत्माराम वर्मा,अभिषेक खत्री सहित बड़ी संख्या में कर्मचारी मौजूद रहे।

# अपराध पर लगाम लगाने लगेंगे सीसीटीवी



**खुजनेर।** स्थानीय पुलिस द्वारा जिले में लगातार बढ़ रही चोरी की वारदातों से सबक लेते हुए नगर के प्रमुख व्यापारियों के साथ स्थानीय थाना परिसर में बैठक कर कई विषयों पर चर्चा की। साथ ही व्यापारियों से अपने-अपने व्यापारिक प्रतिष्ठानों सहित शहर के प्रमुख चौक चौराहा पर सीसीटीवी कैमरे लगाने और लगवाने का आग्रह किया। बैठक में मौजूद एसडीओपी अरविंद सिंह राठौड़ ने बताया कि हम भी एक आम नागरिक की तरह ही है हमें अपराधों पर लगाम कसने आपका सहयोग आवश्यक है। आप अपनी सुरक्षा हेतु सीसीटीवी कैमरे जरूर लगवाएं। इस मौके पर टीआई मंजू मखेनिया द्वारा व्यापारियों को विश्वास दिलाया की आप हमारा सहयोग करें हम हर पल आपके साथ आपकी सुरक्षा के लिए खड़े हुए हैं इस मौके पर पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष केदार काका अजीज मौला जितेंद्र बाहेती शैलेंद्र भंडारी अशोक शर्मा देवनारायण नगर सत्तार कबाड़ी संजय जैन गिरिराज गुप्ता अशोक गुप्ता सहित कई व्यापारी उपस्थित रहे।

# युवा कांग्रेस ने किया प्रदर्शन विजयवर्गीय का पुतला फूंका



**नरसिंहगढ़।** इंदौर में गंदे पानी की आपूर्ति से हुई मौतों तथा एक मीडिया कर्मी के साथ की गई अभद्रता के विरोध में युवा कांग्रेस ने शनिवार को नरसिंहगढ़ विधानसभा क्षेत्र में प्रदर्शन किया। नगर के छतरी चैराहा (नागर) पर आयोजित इस प्रदर्शन में युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष गिरिराज रुहेला के नेतृत्व एवं जिला अध्यक्ष अमन अरोरा की रूपरेखा में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रदेश सरकार और इंदौर नगर निगम के खिलाफ नारेबाजी की। प्रदर्शन के दौरान युवा कांग्रेस नेताओं ने इंदौर महापौर एवं वरिष्ठ भाजपा नेता कैलाश विजयवर्गीय से नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए इस्तीफा देने की मांग की। इसके पश्चात आक्रोशित कार्यकर्ताओं ने कैलाश विजयवर्गीय का पुतला दहन किया। इस अवसर पर युवा कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता एवं जिला महासचिव तेजस गुप्ते, पूर्व जिला महासचिव देवेंद्र गुर्जर, प्रदेश महासचिव अभिनव पंचौली, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष मंजुलता शिवहरे, जिला उपाध्यक्ष गोविंद सिंह गुर्जर, ब्लॉक अध्यक्ष देवेंद्र बना सहित पार्षद दीपक शर्मा, संतोष सोनी, पार्षद प्रतिनिधि दीपक चौहान, जितेंद्र परिहार, सोनू बना, सोनू गुर्जर सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## जल निगम की लाइनों में अक्सर छेड़छाड़ कर रहे ग्रामीण

# पेजयल लाइन को क्षतिग्रस्त करने वाले पर 20 हजार जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

हर घर, नल से जल पहुंचाने की महती परियोजना को कुछ ग्रामीण स्वयं के स्वार्थवश पलीता लगाने में जुटे हुए हैं। कहीं जल निगम द्वारा बिछाई गई पाईप लाईनों को क्षतिग्रस्त किया जा रहा है तो कहीं अन्य तरीकों से उनमें छेड़छाड़ कर पानी की निर्बाध आपूर्ति प्रभावित की जा रही है। लेकिन अब प्रशासन ने ऐसा करने वालों पर कार्यवाहियां शुरू कर दी हैं

इसी कड़ी में खिलचीपुर क्षेत्र के तहत जल निगम की कुंडालिया पेयजल परियोजना के तहत बिछाई गई पेयजल पाइप लाइन को नुकसान पहुंचाने वाले व्यक्ति पर जुर्माना अधिरोपित करने की कार्यवाही की है। जानकारी के




अनुसार विगत दिवस कुंडीबे निवासी नारायण सिंह द्वारा अपने क्षेत्र से गुजर रही पेयजल की पाइपलाइन को तोड़ दिया। इससे ग्राम बरूखेड़ी सहित आसपास के कई ग्रामों में पेयजल की नियमित आपूर्ति बाधित हो गई थी। मामले को गंभीर से लेते हुए जल निगम राजगढ़ ने संबंधित व्यक्ति पर 19 हजार 368 रुपए का जुर्माना अधिरोपित किया है। आरोपी ने जेल की कार्यवाही से बचने के लिए मौके पर 10 हजार रुपए की राशि शासन के खाते में जमा कराई।

### जुर्माने के साथ हो सकती है एफआईआर

प्रशासन के स्पष्ट निर्देश हैं कि किसी भी व्यक्ति द्वारा अगर पेयजल लाइन को क्षतिग्रस्त कर, सार्वजनिक पेयजल सुविधा को नुकसान पहुंचाया जाएगा तो संबंधित पक्ष पर भारी जुर्माना, कानूनी प्रकरण अधिरोपित कर जेल भेजने की कार्यवाही की जाएगी। जल निगम ने भी उक्त चेतावनी के साथ-साथ ग्रामीणों से अपील की है कि वे सार्वजनिक पेयजल संरचनाओं को नुकसान पहुँचाने वालों की जानकारी तुरंत प्रशासन को दें और कानून व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करें।

# कांग्रेसियों ने घंटा बजाकर मंत्री विजयवर्गीय का पुतला फूंका



**सारंगपुर।** मंत्री कैलाश विजयवर्गीय द्वारा गत दिनों इंदौर में प्रदूषित पानी से हुई मौत के बाद पत्रकारों ने सवाल पूछा तो मंत्री विजयवर्गीय ने अशोभनीय टिप्पणी करते हुए मीडिया को जवाब नहीं दिया और सरकार की और से पीड़ित परिवारों को उचित चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराने का वादा भी कागजों में सिमट गया। उसी को लेकर ब्लॉक एवं शहर कांग्रेस की और से मंत्री कैलाश विजयवर्गीय का सोमवार को बस स्टेंड पर पुतला दहन कर घंटा बजाया एवं नारेबाजी की। उल्लेखनीय है कि ब्लॉक शहर कांग्रेस के द्वारा प्रस्तावित पुतला दहन घंटा बजाओ आंदोलन की सूचना पुलिस एवं प्रशासन को पूर्व से थी। वहीं पुलिस प्रशासन की और से स्थानीय बस स्टेंड पर फायर ब्रिगेट बुलाकर पुख्ता इंतजाम कर पुलिस बल लगाया गया था। कांग्रेसियों ने सारे इंतजाम को ध्वस्त करते हुए का पुतला दहन कर दिया। पुतला दहन के बाद ब्लाक एवं शहर कांग्रेस ने कार्यकर्ताओं का आभार जताया।हालांकि पुतले को जलाने में एक पुलिस कर्मी की आंख में जरूर चिंगारी लगी लेकिन कोई बड़ी घटना नहीं हुई। इस दौरान ब्लाक अध्यक्ष दुर्गेश सोमानी,शहर कांग्रेस अध्यक्ष आबिद हुसैन लोदी,शेख मुशर्रफ, शमीर मेव,निजाम कुरैशी,लखन राजपूत मौजूद थे।

# संघ शताब्दी वर्ष हिन्दू सम्मेलन की तैयारियों को लेकर मंडी परिसर का किया निरीक्षण



**सारंगपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के अवसर पर 22 जनवरी को सारंगपुर में प्रस्तावित भव्य हिन्दू सम्मेलन की तैयारियों को लेकर समाजजनों द्वारा मंडी परिसर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कार्यक्रम स्थल की व्यवस्थाओं, प्रवेशदृनिकास मार्ग, पार्किंग, मंच निर्माण, पेयजल, विद्युत व्यवस्था एवं स्वच्छता सहित विभिन्न आवश्यक व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा की गई।समाजजनों ने सम्मेलन में बड़ी संख्या में आने वाले श्रद्धालुओं एवं स्वयंसेवकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए स्थल को सुव्यवस्थित एवं सुरक्षित बनाने पर जोर दिया। मंडी परिसर के खुले और विस्तृत क्षेत्र को देखते हुए इसे सम्मेलन के लिए उपयुक्त बताया गया। निरीक्षण के दौरान मंच की संभावित स्थिति, बैठने की व्यवस्था तथा आपातकालीन व्यवस्थाओं को लेकर भी सुझाव दिए गए। आयोजकों ने बताया कि हिन्दू सम्मेलन में संघ के शताब्दी वर्ष के महत्व पर प्रकाश डाला जाएगा तथा सामाजिक समरसता, राष्ट्रभक्ति और सांस्कृतिक चेतना से जुड़े विषयों पर वक्ताओं द्वारा मार्गदर्शन दिया जाएगा। इस सम्मेलन को लेकर नगर में उत्साह का माहौल है और विभिन्न समाज संगठनों द्वारा कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सक्रिय रूप से तैयारियां की जा रही हैं। समाजजनों ने कहा कि यह सम्मेलन सारंगपुर के लिए गौरव का विषय होगा और बड़ी संख्या में लोगों की सहभागिता से इसे ऐतिहासिक बनाने का प्रयास किया जाएगा।

# जेतपुराकलां मंडल के तत्वाधान में हिन्दू सम्मेलन आयोजित

**जीरापुर।** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ शताब्दी वर्ष के तहत हिन्दू सम्मेलन का आयोजन जेतपुरा कलां मंडल में हुआ। हिन्दू सम्मेलन सकल हिन्दू समाज के सहभोज के साथ सम्पन्न हुआ। भागवत कथाकार अनुराग शर्मा ने अपने सारगर्भित उद्बोधन में बताया कि बच्चों को मोबाइल नहीं शस्त्र और शास्त्र की शिक्षा देना चाहिए । साथ ही मन्दिर, पानी, शमशान सबके लिए एक समान का आव्हान किया। हिन्दू जागृति का यह समय है हमें एकजुटता की आवश्यकता है। जिला सहसम्पर्क प्रमुख गोविन्द कारपेंटर ने कहा कि आज हम सब यहाँ एकत्र हुए हैं उस पावन अवसर पर, जो न केवल हमारे संगठन का शताब्दी वर्ष है, बल्कि भारतीय राष्ट्र की आत्मा का एक नया जागरण भी। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ वह संगठन जो 99 वर्षों से अधिक समय से राष्ट्र की नींव को मजबूत करने में लगा हुआ है, अब अपनी शताब्दी की दहलीज पर खड़ा है। 1925 में विजयादशमी के पावन पर्व पर डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार द्वारा नागपुर में स्थापित यह संघ, आज विश्व के सबसे बड़े स्वयंसेवी संगठनों में से एक बन चुका है। 2025 का यह शताब्दी वर्ष हमें याद दिलाता है कि संघ का जन्म ही राष्ट्र-निर्माण के लिए हुआ था, एक ऐसे भारत के लिए, जहाँ हिंदू समाज संगठित हो, अनुशासित हो और विश्व गुरु की भूमिका निभाने को तत्पर हों।

## बड़ाबाग रोड पर हिंदू सम्मेलन आयोजित

# हमने हिंदू जैसे श्रेष्ठ धर्म में जन्म लिया यह सौभाग्य की बात है : महेश्वरी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सुठालिया

हमने हिंदू जैसे श्रेष्ठ धर्म में जन्म लिया हम सब भारत माता की संतान है जहां चींटी को आटा खिलाया जाता हो मछलियों को दाना डाला जाता हो ऐसा श्रेष्ठ धर्म हिंदू धर्म है। यह देवताओं के द्वारा निर्मित देश है जब अन्य देशों में लोग खाल लपेटकर घूमते थे तब यहां त्रेता द्वापर सतयुग था। यह बात विधा भारती के पदाधिकारी निखिलेश माहेश्वरी ने रविवार को बड़ाबाग रोड पर स्थित शिशु मंदिर के परिसर में हिंदू सम्मेलन को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि जहां सूरज सबसे पहले अपना डेरा डालता है ऐसा हमारा देश भारत है हम भारत की संतान हमें सोचना चाहिए हमारा देश के प्रति क्या कर्तव्य हे अपने देश का इतिहास उठाकर देखे तो इसमें बड़े-बड़े महपुरुष बलिदान हुए हैं ।उन्होंने कहा कि हम इतने महान थे तो भी यहां अंग्रेज मुगल राज कर गए आजादी के आंदोलन में डॉक्टर हेडगेवार जी ने देखा यह देश आजाद हो जाएगा लेकिन हम गुलाम क्यों हुए आजाद होने के बाद गुलाम नहीं होंगे इसकी क्या गारंटी है अंग्रेजी शिक्षा के कारण हम हिंदू होने का गर्व भूल गए अब हमको हिंदू भाव को जागना होगा अपना हित छोड़कर देशहित का ध्यान रखें हिंदू होने का भाव हम सबके मन में होना चाहिए हिंदू संगठित होना चाहिए। संघ को 100 साल हो गए संघ का उसका अपना प्रभाव है आज संघ ने हिंदू भाव को जगाने का काम किया है आज गांव-गांव में हिंदू सम्मेलन हो रहे हैं यह इस बात का उदाहरण है।

# सुंदरकांड पाठ का आयोजन राजस्थान में संपन्न हुआ



**जीरापुर।** नगर के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल भगवान गरूडासीन लक्ष्मीनारायण मंदिर के सम्मुख स्थित किशनगढ़ बालाजी मंदिर पर समिति संयोजक पंडित श्यामसुंदर शर्मा के सानिध्य में 1974 से संचालित श्री बजरंग नवयुवक समिति हनुमान मंदिर किशनगढ़ द्वारा सुंदरकांड पाठ का आयोजन आबाद गति से चला आ रहा है जिसमें दिनों-दिन बढ़ता यह क्रम जारी है। समिति के सदस्यों की अनुशासन कि अनूठी पहचान कार्य क्षमता का अपना अपना दायित्व निर्वहन सहयोगात्मक भावना से प्रेरित बजरंग नवयुवक समिति के तत्वावधान में धार्मिक आयोजनों का सिलसिला निरंतर जारी है।

नगर ही नहीं अपितु राजस्थान एवं मध्य प्रदेश के अनेकों धार्मिक स्थलों पर भव्यता लिए सुंदरकांड पाठ का आयोजन कर चुके हैं। इसी कड़ी में समिति द्वारा नवीन वर्ष 2026 में जनवरी के पहले सप्ताह में राजस्थान के दो धार्मिक स्थल जिसमें मेडतवाल समाज कि कुलदेवी मां फलोदी धाम खैराबाद में मंदिर के परिसर में स्थित चौपड़ा कुआं में ब्राह्मण समाज के भैरव महाराज विराजित हैं वहां पर समिति संयोजक पं. श्यामसुंदर जी शर्मा जीरापुर के द्वारा उनके इन कुल देवता भैरव महाराज का यहां सुंदरकांड पाठ का भव्य आयोजन करवाया गया , तथा बकानी रामेश्वर आश्रम गुरूकुल में पं. प्रकाश पुरोहित, दिनेश पुरोहित के द्वारा सुंदरकांड पाठ का आयोजन करवाया गया।

गौरतलब है कि पंडित श्याम सुंदर शर्मा के सानिध्य में संचालित इस समिति कि प्रमुख विशेषता अनुशासन कि एक अनुठी पहचान जिसमें हर सदस्य एक दुसरे सदस्य का पारस्परिक व्यवहार कुशलता का परिचायक बना रहता है समिति अपने हर धार्मिक आयोजन में समय का पुरा ध्यान रखते हुए काम का सम्पादन करना। समिति द्वारा सुंदरकांड पाठ का आयोजन के साथ मंदिर किशनगढ़ पर प्रति मंगलवार को भजन कीर्तन गीता पाठ हनुमान चालीसा एवं आरती प्रसाद वितरण का भव्य आयोजन होता आ रहा है जिसमें नियमित रूप से समिति सदस्य अपनी सहभागिता निभाते हुए भगवान भक्ति भाव में बहते हैं।

## राजगढ़ नगर सहित चाटूखेड़ा ग्राम के युवा पेश कर रहे मिसाल

# गोवंश को बचाने चारा, पानी, आश्रय से अलाव तक की व्यवस्था, आपस में चंदा एकत्रित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

इस भीषण ठंड में सड़कों पर दर-दर भटक रहे गौवंश को बचाने राजगढ़ नगर के युवाओं की मानिंद समीपस्थ ग्राम चाटूखेड़ा के लगभग 40 युवाओं की टीम भी दिन-रात जुटी हुई है। बीते करीब एक पखवाड़े से चाटूखेड़ा के सेवाभावी युवकों ने 500 से ज्यादा बेसहारा गायों के लिए सुरक्षित आश्रय, चारा-पानी, चिकित्सकीय देखभाल और ठंड से बचाव की मजबूत व्यवस्था खड़ी की है।

यह पूरा प्रयास किसी संस्था या सरकारी योजना का नहीं, बल्कि पूरी तरह गांव के युवाओं की स्वैच्छिक पहल है। गौवंश की दयनीय स्थिति देख इन युवाओं ने आपस में चंदा एकत्रित किया और सबसे पहले गायों के लिए सुरक्षित बाउंड्री बनवाई ताकि वे खुले में



भटकने और हादसों से बच सकें। इसके साथ ही चारा, भूसा और पानी की नियमित सप्लाई सुनिश्चित की गई। ठंड बढ़ने पर युवाओं ने अपने स्तर पर छाया, पर्दे और अलाव की व्यवस्था की, ताकि रात के समय गायें ठंड से बीमार न पड़ें। परिसर की सफाई, गोबर उठाने और बीमारध्घायल गायों की देखभाल के लिए भी दैनिक जिम्मेदारियां तय की गईं ताकि बीमारी फैलने का खतरा कम हुआ और व्यवस्था अनुशासित बनी रही।

### इन युवकों की टोली ने पेश की मिसाल

चाटूखेड़ा के इन युवाओं की टीम में कमल सौंधिया, गोरीलाल दांगी, श्याम सौंधिया, भगवान सिंह दांगी, रामकरण सौंधिया, आकाश सौंधिया, पवन दांगी, महेंद्र जयसवाल, सुनील दांगी, जगदीश दांगी, ईश्वर सौंधिया, हरिओम सौंधिया, टिंकू भिलाला, मनीष भिलाला, गोविंद सौंधिया, शिवराज सोंधिया, कपिल कारपेंटर, ब्रजमोहन सोंधिया, विशाल सोंधिया, पंकज दांगी, अरविंद सोंधिया, गुलाब सिंह प्रजापति, रामबाबू दांगी, दीपक सोंधिया, दीपक जायसवाल, कान्हा सोंधिया, अजय शर्मा, एलकार सोंधिया, कबीर सोनी, बृज सोंधिया, विवेक अग्रवाल, टिन्नू अग्रवाल, नितिन कारपेंटर, राजू जयसवाल, प्रकाश भिलाला, पवन सोनी, सुरेंद्र सोंधिया, अंकित शिवहरे, राजू सोंधिया, विक्रम सोंधिया, शिवम भिलाला, श्याम सिंह सोंधिया, संतोष भिलाला, बृज मोहन सौंधिया, रामनारायण दांगी, चोथमल दांगी, बृजमोहन दांगी, बंटी वर्मा, रामेंद्र सौंधिया सहित अन्य शामिल हैं।

## खबर संक्षेप

### 11 को आयोजित होगा हिंदू सम्मेलन



**जावर।** नगर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ शाताब्दी वर्ष के अंतर्गत जावर मण्डल ओर खजुरिया मण्डल का 11 जनवरी को हिन्दू सम्मेलन आयोजित किया जायेगा। जो कि श्री राममंदिर प्रांगण जावर में होगा। जिसमें संत गण ओर वरीष्ठ जन का बौध्दिक होगा। इसके पूर्व नगर में कलश यात्रा निकाली जाएगी जो को थाना के शिव मंदिर से प्रारंभ होगी जिसमें माता बहने सामिल होगी जो कलश लेकर निकलेगी नगर के लोग भी सम्मिल होंगे सम्पन्न राममंदिर होगी और विद्यालययो दुवारा झांकी भी बनाई जाएगी। साथ ही 2 दिन पूर्व वाहन रैली का भी आयोजन किया जाएगा। तथा 1 दिन पूर्व मानव श्रखला भी बनाई जाएगी जो गांधी चौक से बनेगी जिस में सभी विद्यार्थियों ओर आम जन सामिल होंगे। इस पूरे कार्यकम का उद्देश्य यह है के भारत में पर्यावरण, स्वदेशी, सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन नागरिक कर्तव्य का बोध करना आयोजन समिति ने अपील के है कि सभी हिन्दू भाई इस मे शामिल हो। कार्यक्रम के अंत मे सभी के लिए सहभोज भी होगा। उक्त जानकारी समिति के अध्यक्ष राजू भावसार ओर मीडिया प्रभारी राजपाल सिंह ठाकुर ने दी।

### सांसद खेल महोत्सव के आयोजन और पेयजल व्यवस्था को लेकर हुई बैठक

# स्थानीय खेल प्रतिभाओं की पहचान करने के लिए 17 को होगा खेल महोत्सव संपन्न

**महोत्सव का मुख्य उद्देश्य जमीनी स्तर पर प्रचलित एवं परम्परागत खेलों को प्रोत्साहित करना तथा फिट इंडिया अभियान को सशक्त बनाना है।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में फिटनेस को बढावा देने और स्थानीय खेल प्रतभाओं की पहचान करने के उद्देश्य से आष्टा विधानसभा क्षेत्र में दिनांक 17 जनवरी 2026 को सांसद खेल महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस महोत्सव का मुख्य उद्देश्य जमीनी स्तर पर प्रचलित एवं परम्परागत खेलों को प्रोत्साहित करना तथा फिट इंडिया अभियान को सशक्त बनाना है। उक्त खेल महोत्सव के सफलतापूर्वक आयोजन के लिए जनपद पंचायत सभाकक्ष-आष्टा में देवास-शाजापुर लोकसभा सांसद महेंद्र सिंह सोलंकी की अध्यक्षता और विधानसभा क्षेत्र आष्टा के विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर की उपस्थिति में खण्ड स्तरीय विभाग प्रमुखों के साथ बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें आवश्यक तैयारियों को लेकर सांसद द्वारा खेल एवं युवा कल्याण विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया गया। आष्टा शहर स्थित डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुख़र्जी मैदान में आयोजित होने वाले सांसद खेल महोत्सव कार्यक्रम में कबड्डी, व्हालीबॉल, रस्साकसी और एथेलेटिक्स 100 से 200 मीटर दौड़ आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा,उक्त आयोजन को सफल बनाने के लिए आष्टा विधानसभा के विभिन्न विधाओं के कोच एवं खिलाड़ी सौंपे गए दायित्वों का निर्वहन सुनिश्चित करेंगे। आयोजन के दौरान नगर पालिका-आष्टा द्वारा खेल मैदान की सफाई एवं पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित करना,स्वास्थय विभाग द्वारा चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करना, पुलिस विभाग द्वारा सुरक्षा व्यवस्था कराना, शिक्षा विभाग द्वारा समस्त शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों के खिलाड़ी छात्र -छात्राओं को प्रतियोगिता में सम्मिलित करवाना और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों द्वारा कार्यक्रम का भव्य शुभारंभ, खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा विभिन्न खेलों के लिए उपयुक्त सामग्री की व्यवस्था तथा जनसम्पर्क विभाग द्वारा विभिन्न प्रतियोगितओं का प्रचार-प्रसार समाचार पत्रों के माध्यम से प्रतिदिन प्रकाशित करना शामिल है। बैठक के दौरान सांसद, विधायक और एसडीएम द्वारा शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल व्यवस्था को ले कर विस्तृत निर्देश दिए गए। जिसमें पेयजल जिस भी स्त्रोत से सप्लाई हो रहा है उसकी आवश्यक जांच, पेयजल टंकियों की नियमित सफाई और प्रत्येक पेयजल टंकी पर एक कर्मचारी की उपस्थिति हेतु लोक स्वस्थ्य यांत्रिकी विभाग एवं नगर पालिका/परिषद्-आष्टा, कोठरी और जावर को निर्देशित किया गया। उक्त बैठक में जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि सोनू गुणवान अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) -आष्टा नितिन टाले ,एसडीओपी आकाश अमलकर ,जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अमित कुमार व्यास,खंड स्तरीय विभागों के अधिकारी/कर्मचारी तथा भाजपा के सभी मंडल अध्यक्ष उपस्थित रहे ।

# खेड़ापति तालाब का नपा कर रही जीर्णोद्धार व सौंदर्यीकरण



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

नपा द्वारा नगर की प्राचीन धरोहर खेड़ापति कमल तालाब को संवारने का कार्य तेजी से जारी है। सौंदर्यीकरण कार्य के साथ-साथ रोड़. चौड़ीकरण, पेबर्स स्थापन कार्य, रेलिंग का कार्य प्रगति पर है, वहीं घाट रेनोवेशन, आरसीसी ड्रेन, डेकोरेटिव छतरी, घाट एवं नागरिकों की सुरक्षा के लिए तार की जाली का कार्य किया जाना है, जिसकी कार्ययोजना पूर्ण हो चुकी है। निर्माणाधीन कार्यो का नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने नपा के तकनीकी अधिकारी एवं पार्षदों की उपस्थिति में निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने बताया कि खेड़ापति मार्ग वर्षो पुराना था जो कि काफी संकरा था। मार्ग के संकरा होने के कारण आवागमन में परेशानी होती थी। ऐसी स्थिति में परिषद ने इस मार्ग के चौड़ीकरण का निर्णय लिया जिसका कार्य प्रगति पर है। श्री मेवाड़ा ने बताया कि नागरिकों एवं वाहनों की सुरक्षा की दृष्टि से तालाब के किनारों पर रेलिंग का कार्य भी जारी है। नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने जानकारी देते हुए यह भी बताया कि तालाब के सौंदर्यीकरण की दृष्टि से घाट का रेनोवेशन कार्य, डेकोरेटिव छतरी, घाट व नागरिकों की सुरक्षा के लिए तार की जाली का भी निर्माण होना है। निरीक्षण के दौरान नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने अधिकारियों व पार्षदों की उपस्थिति में छात्रावास से निकलने वाले गंदे नाले का भी निरीक्षण किया। उक्त गंदे पानी का स्थायी समाधान करने के लिए नगरपालिका द्वारा आरसीसी ड्रेन का निर्माण किया जा रहा है जो प्रगति पर है। इस अवसर पर नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा के साथ नपा उपाध्यक्ष प्रतिनिधि भूरू खा, पार्षदगण कमलेश जैन, रवि शर्मा, डॉ सलीम खान, सुभाष नामदेव, तारा कटारिया, तेजपाल कल्लू मुकाती, सहायक यंत्री आकाश गुयतर, उपयंत्री अनिल धुर्वे, आशिक मंसूरी आदि मौजूद थे।

# भागवत कथा में दिया श्रद्धा और सद्गुणों का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



नगर में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के पांचवें दिवस पर आज भारी संख्या में श्रद्धालु कथा श्रवण के लिए पहुंचे। कथा व्यास गोविन्द जाने गुरुदेव ने अपने अमृत वचनों से श्रद्धालुओं को जीवन में प्रेम, सद्गुण और संस्कार अपनाने का संदेश दिया।

गुरुदेव ने कहा कि जब भी मंदिर जाएं तो अपने भीतर के क्रोध, मोह और अहंकार को शरीर रूपी घाट के बाहर छोड़कर जाएं। अहंकार से बनी दोस्ती अधिक समय तक नहीं टिकती, जबकि प्रेमभाव से बनी मित्रता सदा बनी रहती है। जो व्यक्ति अहंकार का त्याग करता है, वही अपने सद्गुरु की दृष्टि में ऊंचा उठता है। जहां लालच और अहम बढ़ जाता है, वहां सगा भाई भी साथ छोड़ देता है। गुरुदेव ने सात्विक जीवन पर जोर देते हुए कहा कि मनुष्य को भगवान ने सात्विक भोजन के लिए बनाया है, लेकिन वह मांसाहार की ओर दौड़ता है, जबकि कई पशु ऐसे भी हैं जो कभी मांस ग्रहण नहीं करते। यदि वे नहीं बदले, तो हम क्यों बदल गए। बच्चों को संस्कारवान बनाने के लिए उन्हें आरती, रामायण, भजन और उच्च विचारों से जोड़ना चाहिए।उन्होंने कहा कि जिसके पास व्रत, चरित्र, सत्कर्म और ईमान की पूंजी है, वही सच्चा धनवान है। बेटियों को दहेज में भले कुछ न दें, लेकिन सत्कर्म, दिव्य संस्कार और शिक्षा अवश्य दें, जिससे वह अपने ससुराल का कायाकल्प कर सके।इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष नरेश मेवाडा, बापचा धाम सरकार, विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर, नगर पालिका अध्यक्ष हेमकुंवर राय सिंह मेवाडा, पूर्व विधायक रघुनाथ मालवीय, समिति अध्यक्ष रूपेश राठौर, संयोजक मनोज नागर, जगदीश चौहान, बंटी मेवाड़ा, तेज सिंह राठौर (पार्षद), चेतन ठाकुर, जुगल पटेल, राजा मेवाड़ा, नानूराम मेवाड़ा, शैलेंद्र राजपूत, चेतन वर्मा, चंदर ठेकेदार, जितेंद्र सितोलिया, धीरज पटेल, रघुवीर चौहान, मयूर नागर, संध्या बजाज, भगवती सोनी, मंजू राठौर, भगवत सिंह मेवाडा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुजन उपस्थित रहे।

# विधायक व जनपद अध्यक्ष ने ग्राम पंचायत बेदखेड़ी में सामुदायिक मांगलिक भवन का किया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत बेदखेडी में सामुदायिक मांगलिक भवन का भूमि पूजन कार्यक्रम संपन्न हुआ। उक्त भूमि पूजन कार्यक्रम क्षेत्रिय विधायक गोपालसिंह इंजिनियर के मुख्य आतिथ्य एवं जनपद अध्यक्षा दीक्षा सोनु गुणवान की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इस अवसर पर जनपद उपाध्यक्ष गजराजसिंह पटेल, भाजपा अध्यक्ष जताखेडा मण्डल देवजी पटेल, जिला पंचायत सदस्य अर्वतिका सुनिल फरेला, जनपद पंचायत सदस्य कैलाश पटेल, नगरपंचायत कोठरी अध्यक्ष प्रतिनिधि राधेश्याम दलपति भी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। कार्यक्रम में विधायक गोपालसिंह इंजिनियर ने भाजपा सरकार की उपलब्धियाँ बताते हुए कहा कि हमारी सरकार ग्राम ग्राम में विकास कर रही है ओर आगे भी करती रहेगी। इस अवसर पर ग्राम पंचायत बेदाखेडी सरपंच श्रीमती देवकला जितेन्द्र खेलवाल ने पधारे सभी अतिथियों का स्वागत सतकार किया एवं ग्राम विकास के लिए उपस्थित सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में ग्राम के वरिष्ठजनों में पूर्व जनपद सदस्य एवं पूर्व सरपंच महेश करमोदिया, पूर्व सरपंच जसवंत ठाकुर, रिंकु भैया ठाकुर, धरम करमोदिया, दिनेश करमोदिया, हरलाल खेलवाल, प्रहलाद खेलवाल, संत गुरू रविदास आर्दश समिति अध्यक्ष अर्जुन खेलवााल, भेरूसिंह, राकेश खेलवाल, किशन खेलवाल, विक्रमसिंह खेलवाल, शन्नी जाटव पंच, राजकुंवर मालवीय पंच, जसवंत जाटव एवं समस्त ग्रामवासी उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत में भोजन प्रसादी का भी आयोजन किया गया।

# धोखाधड़ी करके जमीन हड़प कर बेचने वाले और पेट्रोल पंप बनाने वालों के खिलाफ सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर



मामला जावर निवासी इमरत बाई पिता हीरा का और उनकी बहन भवानी बाई, अजूदियां बाई ,राजल बाई आदि के साथ हुई ज़मीन धोखाधड़ी का है। भूमि स्वामी को पता ही नहीं कि उनकी ज़मीन को सीहोर के राजेंद्र सिंह फरेला निवासी बड़ी ग्वालटोली गंज सीहोर द्वारा बेच दिया गया है और वर्तमान में उस ज़मीन हाईवेज आष्टा चिननोंठा जोड़ पर अब पेट्रोल पंप भी बन चुका है। पीड़ित लोगों को जब यह जानकारी हुई तो उन्होंने इसकी जानकारी पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष जावर से शैलेष कुमार वैद्य को दी वैद्य ने पूरे मामले को समझा और तुरंत तहसीलदार जावर एवं थाना प्रभारी को कलेक्टर सीहोर एवं पुलिस अधीक्षक सीहोर के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि पीड़ित परिवार को धोखे में रखकर ज़मीन बेची गई हैं। धोखेबाज़ राजेन्द्र सिंह फरेला द्वारा भूमि स्वामियों से कागज लेकर उससे अंगूठे लगवाए गए। जबकि भूमि स्वामी में से कोई भी पढ़ा लिखा नहीं है। भूमिस्वामी राजेंद्र को अपना भाई जैसा मानते थे। परंतु राजेंद्र फरेला ने इस भरोसे का नाजायज फायदा उठाकर इन सभी भूमि स्वामी महिलाओं को धोखा देकर ज़मीन स्वयं की बेटी के नाम करवा ली एवं राजेंद्र फ़रेला और उसकी पत्नी कलावती फरेला केयरटेकर बन गए तथा अशिक्षित महिलाओं से अंगूठे लगवा कर ज़मीन चुरा ली कुछ दिनों पूर्व पीड़ित महिलाओं को यह पता चला कि उनकी जमीन बेचकर राजेंद्र फरार हो गया है। वर्तमान में वहाँ पर पेट्रोल पम्प बन चुका है। ऐसी स्थिति में सभी महिलाओं ने क़ानूनी कार्रवाई की माँग की है तथा वरिष्ठ अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा है।

# भारत मुक्ति मोर्चा जिले भर में आज सौंपेगा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

चार चरणों के राष्ट्रीय व्यापी विरोध प्रदर्शन की घोषणा के साथ भारत मुक्ति मोर्चा, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग मोर्चा, बहुजन क्रांति मोर्चा भारती विद्यार्थी मोर्चा एवं राष्ट्रीय मूल निवासी महिला मोर्चा 7 जनवरी को मध्य प्रदेश के सभी जिलों के कलेक्टरों को ज्ञापन देगा। यह ज्ञापन आरएसएस और भारतीय जनता पार्टी और उड़ीसा प्रशासन के विरोध में दिया जाएगा।

जनता की पुख्ता जानकारी के उद्देश्य से भारत मुक्ति मोर्चा के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष एडवोकेट जगदीश द्रविड़ ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करके बताया है कि 26 से 30 दिसंबर 2025 को बामसेफ एवं उसके सहयोगी संगठन भारत मुक्ति मोर्चा का पांच दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी होना था।जो की संगठन की स्थापना 1978 से लगातार देश के विभिन्न राज्यों में होता रहा है।यह राष्ट्रीय अधिवेशन उड़ीसा राज्य के कटक शहर में होना था।जिसमे देश विदेश से लाखो की संख्या में समर्थक और कार्यकर्ता वा अतिथि आने वाले थे। जिसमे सरकार, समाज, राजनीति, प्रशासन, आर्थिक एवं ऐतिहासिक विषयो के सम सामयिक मुद्दों पर चर्चा करते।यह राष्ट्रीय अधिवेशन जिस स्थान पर होना था संगठन पदाधिकारी द्वारा कार्यक्रमस्थल की प्रशासनिक परमिशन दो महीने पहले विधि संगत ले ली गई थी । तभी से सरकार और प्रशासन की नजर के सामने लगभग 100 एकड़ के ग्राउंड पर रहने खाने पीने टेंट लेटबाथ, टीन सेट की बाउंड्री बॉल ट्यूबल आदि की व्यवस्था का काम लगातार होता रहा था। जिसमे संगठन ने करोड़ों रुपए खर्च किए।किंतु षड्यंत्र पूर्वक संगठन की ताकत से डर कर भारतीय जनता पार्टी और आरएसएस ने प्रशासन पर दबाव बनाकर आयोजित राष्ट्रीय अधिवेशन के कार्यक्रम को रूकवा दिया गया है।जो हमारे देश के अंदर बहुत बड़ी घटना है। संविधान की शपथ लेकर काम करने वाले उड़ीसा शासन प्रशासन ने उसी संविधान के विरोध में काम किया जिसके अनुच्छेद 19/1A विचार अभिव्यक्त करना 19/1B प्रत्येक नागरिक को शांतिपूर्वक एकत्र होना सामिल है ।का खुलेआम उलंघन किया है। अतः भारतीय जनता पार्टी (आरएसएस और उड़ीसा प्रशासन की साजिश के विरोध में भारत मुक्ति मोर्चा ,बहुजन क्रांति मोर्चा,राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग मोर्चा देश भर में परमिशन बहाली तक चार चरणों में राष्ट्रियव्यापी विरोध प्रदर्शन करेगा।

जिसका पहला चरण 7 जनवरी को देश भर के जिला मुख्यालय पर घटना का विरोध ज्ञापन ,15 जनवरी को दूसरा चरण जिसमें देशभर की विधानसभाओं पर धरना प्रदर्शन एवं सभा तीसरे चरण में अर्थात 22 जनवरी को राज्यों की राजधानियों में सभा एवं प्रदर्शन तथा चौथा एवं अंतिम चरण 22 फरवरी को होगा जिसमें आरएसएस के राष्ट्रीय कार्यालय नागपुर शहर में राष्ट्रियव्यापी रैली एवं जनसभा होगी।जिसमे मुख्य अतिथि भारत मुक्ति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष वामन मेश्राम साहब होंगे। द्रविड़ ने चार चरणों के आंदोलन में सभी ओबीसी/एससी/एस सी/अल्पसंख्यक समाज के गैर राजनीतिक एवं सामाजिक संगठन के नेताओं से साथ सहयोग करने की अपील की है।

### देवास–भोपाल मार्ग पर कोहरे के चलते हादसे रोकने अतिरिक्त रूट पेट्रोलिंग की तैनाती

# दुर्घटना संभावित स्थानों पर एटेनेयूएटर वाहनों की हुई तैनाती

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा




भोपाल हाईवे पर घने कोहरे के कारण सड़क हादसों की आशंका को देखते हुए मार्ग प्रबंधन द्वारा अतिरिक्त रूट पेट्रोलिंग टीमों एवं फॉग लाइट से लैस एटेनेयूएटर वाहनों की तैनाती की गई है। यह पहल इसलिए भी महत्वपूर्ण मानी जा रही है क्योंकि यह मार्ग बीओटी मॉडल के तहत फंड आधारित कंपनी द्वारा संचालित है, जहां सुरक्षा को लेकर त्वरित एवं सक्रिय निर्णय संभव हो पाए हैं। मार्ग संचालक कंपनी ने कोहरे के दौरान यात्रियों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए अतिरिक्त पेट्रोलिंग वाहन, 24×7 निगरानी व्यवस्था तथा त्वरित सहायता तंत्र को सक्रिय किया है, ताकि किसी भी आपात स्थिति में तत्काल मदद उपलब्ध कराई जा सके।

विशेष रूप से दुर्घटना संभावित स्थलों पर एटेनेयूएटर वाहनों की तैनाती से टकराव की स्थिति में जान-माल की क्षति को कम करने का प्रयास किया जा रहा है।सूत्रों के अनुसार, देवास–भोपाल कॉरिडोर पर कोहरे की गंभीरता को देखते हुए कई अग्रिम सुरक्षा उपाय लागू किए गए हैं। इसके अंतर्गत टोल प्लाज़ाओं पर ऑडियो रिकॉर्डिंग के माध्यम से जागरूकता संदेश प्रसारित किए जा रहे हैं, जिनमें वाहन चालकों को कम दृश्यता में नियंत्रित गति और सुरक्षित दूरी बनाए रखने की सलाह दी जा रही है। इसके साथ ही दृश्यता बढ़ाने और दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए वाहनों पर पीले रिफ्लेक्टिव स्टिकर्स लगाए जारहे हैं, तथा चालकों से लो बीम हेडलाइट का उपयोग करने, हाई बीम से परहेज़ करने, गति सीमित रखने और कोहरे में ओवरटेकिंग से बचने का लगातार अनुरोध किया जा रहा है। जानकारों का कहना है कि इस प्रकार के व्यापक और सुनियोजित सुरक्षा उपाय सामान्यतः राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधीन संचालित राष्ट्रीय राजमार्गों पर ही देखने को मिलते हैं, जबकि राज्य राजमार्गों पर ऐसी अग्रिम एवं व्यवस्थित व्यवस्थाएं प्रायः अनुपस्थित रहती हैं। ऐसे में देवास–भोपाल जैसे BOT आधारित मार्ग पर इन उपायों का लागू होना संचालन की तत्परता और उत्तरदायित्व को दर्शाता है।

मार्ग प्रबंधन का स्पष्ट कहना है कि यात्रियों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है, और कोहरे जैसे प्रतिकूल मौसम में अतिरिक्त रूट पेट्रोलिंग, सतत निगरानी एवं जागरूकता अभियानों के माध्यम से दुर्घटनाओं की संभावना को न्यूनतम करने का निरंतर प्रयास किया जा रहा है। देवास–भोपाल कॉरिडोर पर की गई यह पहल निजी सहभागिता के तहत संचालित सड़कों पर बेहतर प्रबंधन, त्वरित निर्णय क्षमता और सड़क सुरक्षा के प्रति प्रतिबद्धता का एक सशक्त उदाहरण मानी जा रही है।

# एसबीएस स्कूल के विद्यार्थियों ने किए धार्मिक स्थानों के दर्शन



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

एसबीएस स्कूल के कक्षा 11वीं, 12वीं के विद्यार्थीयों ने तीन दिवसीय भ्रमण किया। जिसमें सांवरिया सेठ मंडफिया, बगलामुखी मंदिर नलखेड़ा व पशुपतिनाथ मंदिर मंदसौर, महाकाल लोक उज्जैन साथ ही महामंडलेश्वर संत अन्नपूर्णागिरी के आश्रम पर पहुंचकर 2026 की शुरुआत में दर्शन लाभ लेकर आशीर्वाद प्राप्त किया। संत श्री द्वारा बताया गया। की प्रत्येक विद्यालय को इस प्रकार के आध्यात्मिक भ्रमण करवाना चाहिए। आध्यात्मिक भ्रमण से विद्यार्थियों में अध्यात्म एवं धर्म का सर्वांगीण विकास होता है। साथ ही विद्यार्थियों में नई ऊर्जा का विकास होता है। आध्यात्मिक, ऐतिहासिक दर्शन में विद्यालय संचालक भोलू सिंह ठाकुर संचालक जीवन सिंह ठाकुर, प्राचार्य रीना ठाकुर साथ ही अन्य स्टाफ ने भी भ्रमण किया।